# जल संसाधन विभाग
## झारखंड सरकार, राँची

पत्रांक :– 2/PMC/आवंटन–कोनार–208/2013............./राँची, दिनांक ...........................
प्रेषक,

ई॰ सुबोध कुमार सिन्हा
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

सेवा में,

**FAX**
**e-mail**

मुख्य अभियंता
जल संसाधन विभाग, हजारीबाग

अधीक्षण अभियंता
तेनुघाट बाँध अंचल, तेनुघाट

कार्यपालक अभियंता
कोनार नहर प्रमण्डल, डुमरी

**विषय :–** **कोनार नहर प्रमण्डल डुमरी के अन्तर्गत शीर्ष–"4701" कार्यमद में वर्ष 2013–14 के लिये निर्गत आवंटन में से अव्यवहृत राशि के विरूद्ध योजनान्तर्गत अन्य कार्य में व्यय की अनुमति के संबंध में।**

प्रसंग : 1. विभागीय पत्रांक–7ब/4701 यो॰ज॰सं॰–09/2013–26 दिनांक–01.06.2013

2. मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, हजारीबाग का पत्रांक– 02/यो॰–1–169/2012–2231 दिनांक– 18.12.2013

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा कोनार नहर प्रमण्डल, डुमरी को कुल रू० 393.58 लाख का आवंटन शीर्ष 49P4701–80–789–64–05–45 में कोनार सिंचाई परियोजनान्तर्गत उपलब्ध कराया गया है। उक्त विभागीय पत्र द्वारा कार्यवार निर्गत आवंटन में से निम्नांकित कार्यों में अभी तक राशि अव्यवहृत है एवं पूरा व्यय नहीं हुआ है।

**2.** (i) कोनार दाँयीं शाखा नहर (RBC) के कि॰मी॰ 12.65/12.64 पर एक पथीय सेतु का निर्माण कार्य। निर्गत आवंटन– रू० 19.51 लाख, व्यय– रू० 6.57 लाख

(ii) कोनार दाँयीं शाखा नहर (RBC) के कि॰मी॰ 20.78 से 21.065 तक नहर निर्माण एवं कि॰मी॰ 20.90 पर सी॰डी॰ निर्माण कार्य।

निर्गत आवंटन– रू० 45.15 लाख, व्यय– रू० 15.97 लाख

(iii) कोनार दाँयीं शाखा नहर (RBC) के कि॰मी॰ 6.857, 11.995/12.077, 15.10/15.20, 15.50/15.605, 17.125/17.25 पर एक पथीय सेतु; कि॰मी॰ 10.534, 17.575/17.675 पर सी॰डी॰ एवं कि॰मी॰ 16.725 से 16.975 तक अवशेष मिट्टी कार्य।

निर्गत आवंटन– रू० 15.00 लाख, व्यय– रू० 4.99 लाख

(iv) खेतको वितरणी के कि०मी० 0.15 से 0.42 एवं कि०मी० 1.60 से 1.85 तक पक्का चैनेल का निर्माण। निर्गत आवंटन रू० 20.00 लाख, व्यय– शून्य

उपर्युक्त **2.(i)** से (iv) के कार्य हेतु निर्गत कुल आवंटन रू० 99.66 लाख के विरूद्ध कुल व्यय रू० 27.53 लाख हुआ है।

**3.** साथ ही निम्नांकित तीन कार्यों हेतु अतिरिक्त राशि की माँग की गयी है।

(i) बगोदर शाखा नहर के कि०मी० 39.250 पर एक्वाडक्ट का निर्माण कार्य। निर्गत आवंटन रू० 115.00 लाख, व्यय– रू० 115.00 लाख

(ii) कोनार नहर शाखा नहर के कि०मी० 8.714 पर एक्वाडक्ट का निर्माण कार्य। निर्गत आवंटन रू० 50.00 लाख, व्यय– रू० 50.00 लाख

(iii) कोनार दाँयीं शाखा नहर के कि०मी० 20.735 से 20.78 के बीच अवशेष मिट्टी कार्य एवं कि०मी० 14.150/14.160 एवं 21.05 पर एक पथीय सेतु का निर्माण कार्य। निर्गत आवंटन रू० 14.68 लाख, व्यय– रू० 14.68 लाख

उपर्युक्त **3.(i) से (iii)** के कार्यों हेतु निर्गत कुल आवंटन रू० 179.68 लाख का पूरा व्यय हो चुका है।

प्रासंगिक पत्रांक 2231 दिनांक 28.12.2013 से प्राप्त प्रस्ताव के क्रम में निदेशानुसार उपर्युक्त कंडिका 2 (i) से (iv) एवं कंडिका 3 (i) से (iii) के सभी कार्यों हेतु प्रासंगिक विभागीय पत्र 7/ब/4701 यो०ज०सं०–09/2013–26 दिनांक 01.06.2013 द्वारा निर्गत कुल आवंटन रू० 279.34 लाख में से उपर्युक्त कंडिका 2 (i) से (iv) एवं कंडिका 3 (i) से (iii) के सभी कार्यों हेतु स्वीकृत वार्षिक कार्यक्रम के अन्तर्गत समेकित रूप से रू० 279.34 लाख के व्यय की अनुमति प्रदान की जाती है। इस पर सचिव, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–
(सुबोध कुमार सिन्हा)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

पत्रांक :– 2/PMC/आवंटन–कोनार–208/2013............./राँची, दिनांक ..........................

***FAX***
***Speed Post***

**प्रतिलिपि** : महालेखाकार (लेखा एवं हक), झारखण्ड, पो०–हिनू, राँची/कोषागार पदाधिकारी, हजारीबाग/गिरिडीह को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
(सुबोध कुमार सिन्हा)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

पत्रांक :– 2/PMC/आवंटन–कोनार–208/2013....40..../राँची, दिनांक ..15.1.2014..

**प्रतिलिपि** : वेब मैनेजर/उप–सचिव (अभियंत्रण), जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

15/01/14

(सुबोध कुमार सिन्हा)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

15/1/2014

E:\2\MINZ\Letter\JS\js_2_PMC_a_konar_208_2013.doc2